प्रस्ताव
# 35 MEDI-CAL स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए स्थायी निधिकरण प्रदान करता है। पहल विधान।

**आधिकारिक शीर्षक और सारांश** अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया

**इस विधेयक का टेक्स्ट पृष्ठ 109 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

- प्रबंधित स्वास्थ्य देखभाल बीमा प्लानों (जो इस समय 2026 में समाप्त होने के लिए निर्धारित हैं) पर मौजूदा टैक्स को स्थायी बनाता है, जिसे, अगर संघीय सरकार द्वारा अनुमोदित कर दिया जाता है, तो वह बच्चों वाले कम आमदनी वाले परिवारों, वरिष्ठ व्यक्तियों, विकलांग व्यक्तियों और अन्य Medi-Cal प्राप्तकर्ताओं के लिए स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए भुगतान करने के लिए राजस्व प्रदान करता है।
- यह अपेक्षा करता है कि राजस्वों का इस्तेमाल प्राथमिक और विशेषज्ञों की देखभाल, आपातकालीन देखभाल, परिवार नियोजन, मानसिक स्वास्थ्य और प्रिस्क्रिप्शन दवाओं सहित विनिर्दिष्ट Medi-Cal सेवाओं के लिए ही किया जाए।
- मौजूदा Medi-Cal निधिकरण के स्थान पर राजस्वों का इस्तेमाल करने को निषिद्ध करता है।
- प्रशासनिक खर्चों की अधिकतम सीमा को निर्धारित करता है और निधिकरण पाने वाले प्रोग्रामों के स्वतंत्र लेखा-परीक्षण की अपेक्षा करता है।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- अल्पावधि में, Medi-Cal और अन्य स्वास्थ्य प्रोग्रामों के लिए निधिकरण में वार्षिक रूप से (संघीय निधि सहित) लगभग $2 बिलियन से $5 बिलियन के बीच वृद्धि होती है। निधिकरण वृद्धियों को कार्यान्वित करने के लिए राज्य की लागतों में वार्षिक रूप से लगभग $1 बिलियन से $2 बिलियन के बीच वृद्धि होती है।
- दीर्घकाल में, राज्य टैक्स राजस्व, स्वास्थ्य कार्यक्रम निधिकरण और राज्य लागतों पर अज्ञात प्रभाव। राजकोषीय प्रभाव बहुत से कारकों पर निर्भर करते हैं, जैसे अगर प्रस्ताव 35 को मतदाताओं द्वारा पारित नहीं किया जाता, तो क्या विधानमंडल भविष्य में स्वास्थ्य प्लैनों पर टैक्स को अनुमोदित करना जारी रखेगा।

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

35

## परिप्रेक्ष्य

***राज्य स्वास्थ्य प्लैनों पर एक विशिष्ट टैक्स लगाता है।*** 2009 से, California ने आम तौर पर कुछ स्वास्थ्य प्लैनों, जैसे कि Kaiser Permanente पर एक विशिष्ट टैक्स लगाया है। इस टैक्स को Managed Care Organization Provider Tax ("स्वास्थ्य प्लैन टैक्स") कहा जाता है। समय के साथ यह टैक्स अलग-अलग तरीके से काम करता रहा है। इस समय, यह उन लोगों की संख्या के आधार पर प्लैनों पर शुल्क लगाता है, जिन्हें वे स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करते हैं, जिनमें Medi-Cal वाले लोग भी शामिल हैं। Medi-Cal वाले लोगों के लिए इस टैक्स की दर अन्य प्रकार की स्वास्थ्य कवरेज की तुलना में अधिक है। (Medi-Cal एक संघीय-राज्य प्रोग्राम है जो कम आय वाले लोगों को स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करता है। संघीय सरकार और राज्य प्रोग्राम की लागत साझा करते हैं। स्वास्थ्य प्लैन टैक्स लगाकर, राज्य अधिक संघीय निधि प्राप्त कर टैक्स सकता है।)

***राज्य दो उद्देश्यों के लिए टैक्स का इस्तेमाल करता है।*** स्वास्थ्य प्लैन टैक्स द्वारा जुटाई गई राजस्व राशि समय के साथ-साथ बदल गई है। हाल ही की विधायी कार्रवाई के आधार पर, हमारा अनुमान है कि इस टैक्स से राज्य को हर वर्ष (सालाना) $7 बिलियन से $8 बिलियन के

बीच मिलने की उम्मीद है। राज्य इस पैसे का इस्तेमाल दो उद्देश्यों के लिए करता है।

- ***Medi-Cal में मौजूदा लागतों का भुगतान करना।*** कुछ राजस्व Medi-Cal प्रोग्राम में मौजूदा लागतों का भुगतान करने में मदद करता है। टैक्स राजस्व का इस तरह से इस्तेमाल करने से राज्य को Medi-Cal पर सामान्य निधि से कम धन खर्च करना पड़ता है। (सामान्य कोष वह खाता है जिसका इस्तेमाल राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और जेलों सहित अधिकांश सार्वजनिक सेवाओं के भुगतान के लिए किया जाता है। इस वर्ष Medi-Cal को सामान्य निधि से लगभग $35 बिलियन मिलने की उम्मीद है।) दूसरे शब्दों में, स्वास्थ्य प्लैन टैक्स राजस्व राज्य सामान्य कोष की लागतों को कम करता है।
- ***Medi-Cal और अन्य स्वास्थ्य प्रोग्रामों के लिए वित्तपोषण में वृद्धि।*** थोड़ा राजस्व Medi-Cal और अन्य स्वास्थ्य प्रोग्रामों के लिए वित्तपोषण को बढ़ाता है। उदाहरण के लिए, राज्य डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को किया जाने वाला Medi-Cal भुगतान बढ़ा रहा है। यह स्वास्थ्य प्लैन टैक्स राजस्व का एक नया उपयोग है। निधि में इनमें से कुछ वृद्धियाँ 2024 में शुरू हुई हैं, लेकिन अधिकांश 2025 और 2026 में शुरू होगीं। जब ये सभी 2026 में शुरू हो जाएंगी, तो वृद्धि के परिणामस्वरूप Medi-Cal के लिए हर वर्ष लगभग $4 बिलियन की वृद्धि होगी। इस राशि का लगभग आधा हिस्सा स्वास्थ्य प्लैन के टैक्स से आएगा। (बाकी राशि बढ़े हुए संघीय निधिकरण से आएगी।)

***टैक्स समाप्त हो जाएगा, जब तक कि इसे फिर से अनुमोदित नहीं किया जाता।*** विधानमंडल ने इस टैक्स को स्थायी रूप से अनुमोदित नहीं किया है। इसके बजाय, उसने इसे एक बार में कुछ वर्षों के लिए अनुमोदित किया जाता है। संघीय सरकार को भी टैक्स को अनुमोदित करना होगा। टैक्स को हाल ही में 2023 में अनुमोदित किया गया था। यह 2026 के अंत में समाप्त हो जाएगा, जब तक कि विधानमंडल और संघीय सरकार इसे फिर से अनुमोदित नहीं कर देती।

## प्रस्ताव

***मौजूदा स्वास्थ्य प्लैन टैक्स को स्थायी बनाता है।*** प्रस्ताव 35 मौजूदा स्वास्थ्य प्लैन टैक्स को 2027 से स्थायी बनाता है। टैक्स लगाने के लिए राज्य को अभी भी संघ के अनुमोदन की ज़रूरत होगी। टैक्स उन लोगों की संख्या पर आधारित रहेगा जिन्हें स्वास्थ्य प्लैन स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करते हैं। यह प्रस्ताव राज्य को कुछ सीमाओं के भीतर संघ का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए, यदि ज़रूरी हो, तो टैक्स को बदलने की अनुमति देता है।

***राज्य टैक्स राजस्व का इस्तेमाल कैसे करता है, इस पर नियम बनाता है।*** स्वास्थ्य प्लैन टैक्स को स्थायी बनाने के अलावा, प्रस्ताव 35 राजस्व का इस्तेमाल कैसे किया जाए, इस पर नियम बनाता है। आम तौर पर, इन नियमों के तहत राज्य को Medi-Cal और अन्य स्वास्थ्य प्रोग्रामों के लिए निधिकरण को बढ़ाने के लिए राजस्व का अधिक इस्तेमाल करने की ज़रूरत होती है। ये नियम अल्पावधि (2025 और 2026 में) और दीर्घावधि (2027 और उसके बाद) में अलग-अलग होते हैं। प्रस्ताव 35 यह भी बदलता है कि वर्तमान कानून की तुलना में किन Medi-Cal सेवाओं और अन्य स्वास्थ्य प्रोग्रामों को निधि में वृद्धि मिलती है। चित्र 1 अल्पावधि में इन बदलावों को दर्शाता है।

35

चित्र 1

### प्रस्ताव 35 यह बदलाव करता है कि कौन सी सेवाएँ निधिकरण में वृद्धियाँ हासिल करती हैं

निधिकरण में अल्पावधि में वृद्धि (2025 और 2026 में) होती है

| | वर्तमान कानून | प्रस्ताव 35[a] |
|---|---|---|
| डॉक्टर और अन्य संबंधित प्रदाता[b] | ✓ | ✓ |
| विशिष्ट अस्पताल सेवाएँ | | ✓ |
| बाह्य मरीज़ सुविधा-स्थल | | ✓ |
| सुरक्षा जाल वाले क्लीनिक | ✓ | ✓ |
| स्वभावजन्य स्वास्थ्य सुविधा-स्थल | | ✓ |
| प्रजनन स्वास्थ्य और परिवार नियोजन | ✓ | ✓ |
| आपातकालीन मेडिकल परिवहन | ✓ | ✓ |
| गैर-आपातकालीन मेडिकल परिवहन | ✓ | |
| निजी ड्यूटी नर्स | ✓ | |
| विशिष्ट दीर्घकालिक सहायताएँ | ✓ | |
| सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मी | ✓ | c |
| पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए निरंतर Medi-Cal | ✓ | |
| कवरेज | ✓ | ✓ |
| Medi-Cal कार्यबल प्रोग्राम | | ✓ |
| डॉक्टर स्नातकोत्तर प्रशिक्षण कार्यक्रम | | |

[a] दीर्घावधि में (2027 से शुरू हो रहा है) अधिकाधिक सेवाएँ निधिकरण वृद्धि के लिए योग्य हैं।
[b] वर्तमान कानून और प्रस्ताव 35 में कुछ अंतर हैं जिनके आधार पर संबंधित प्रदाताओं को निधिकरण में वृद्धि मिलती है।
[c] स्वास्थ्य योजना टैक्स द्वारा कितनी धनराशि जुटाई जाती है, इस पर निर्भर करते हुए, दीर्घावधि में (2027 से शुरू हो रहा है) वित्तपोषण वृद्धि के लिए योग्य।

35

## राजकोषीय प्रभाव

***अल्पावधि में, तीन प्रमुख राजकोषीय प्रभाव।*** अल्पावधि में (2025 और 2026 में), प्रस्ताव 35 के निम्नलिखित प्रमुख राजकोषीय प्रभाव होंगे:

- ***राज्य टैक्स राजस्व में कोई बदलाव नहीं।*** प्रस्ताव 35 स्वास्थ्य प्लैनों पर मौजूदा अस्थायी टैक्स में कोई बदलाव नहीं करता है, जो 2026 के अंत में समाप्त हो रहा है। इस कारण से, इस समयावधि में प्रस्ताव का राज्य टैक्स राजस्व पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।
- ***स्वास्थ्य प्रोग्रामों के लिए बढ़ा हुआ वित्तपोषण।*** प्रस्ताव 35 Medi-Cal और अन्य स्वास्थ्य प्रोग्रामों के लिए वित्तपोषण बढ़ाएगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि प्रस्ताव के अनुसार राज्य को वित्तपोषण बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य प्लैन टैक्स राजस्व का अधिक इस्तेमाल करना होगा। वित्तपोषण में कुल वृद्धि संभवतः हर वर्ष लगभग $2 बिलियन और $5 बिलियन के बीच होगी। इस राशि का लगभग आधा हिस्सा स्वास्थ्य प्लैनों पर टैक्स से आएगा। (चूंकि संघीय सरकार

Medi-Cal की लागत राज्य के साथ साझा करती है, इसलिए बाकी फंडिंग वृद्धि संघीय वित्तपोषण से आएगी। सभी निधिकरण स्रोतों को शामिल करते हुए, Medi-Cal को इस वर्ष $150 बिलियन से अधिक मिलने की उम्मीद है।)

- ***राज्य की लागतों में वृद्धि।*** प्रस्ताव 35 राज्य की लागतों को बढ़ाएगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह स्वास्थ्य प्लैन टैक्स राजस्व की राशि को कम करता है जिसका इस्तेमाल Medi-Cal में मौजूदा लागतों का भुगतान करने में मदद के लिए किया जा सकता है। इसके बजाय, राज्य को संभवतः इस उद्देश्य के लिए सामान्य निधि से अधिक धनराशि का इस्तेमाल करना पड़ेगा। **वर्ष 2025 और 2026 में वार्षिक लागत लगभग $1 बिलियन से $2 बिलियन के बीच होगी।** ये राशियाँ राज्य के कुल सामान्य निधि बजट के 1 प्रतिशत और आधे प्रतिशत के बीच होती हैं।

***दीर्घकाल में, अज्ञात राजकोषीय प्रभाव।*** दीर्घकाल (2027 और उसके बाद) में, प्रस्ताव 35 स्वास्थ्य प्लैनों पर अस्थायी टैक्स को स्थायी बनाता है और धनराशि को कैसे खर्च किया जाए, इस बारे में नए नियम बनाता है। इन बदलावों का राजकोषीय प्रभाव कई कारकों पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए, राज्य भविष्य में टैक्स को स्वीकृति दे सकता है, जैसा कि उसने अतीत में किया है, भले ही प्रस्ताव मतदाताओं द्वारा पारित न किया गया हो। साथ ही, यह अनिश्चित है कि संघीय सरकार भविष्य में कितना बड़ा टैक्स स्वीकार करेगी। इन अनिश्चित कारकों को देखते हुए, टैक्स राजस्व, स्वास्थ्य प्रोग्राम निधि और राज्य लागतों पर प्रस्ताव के दीर्घकालिक प्रभाव अज्ञात हैं।

***राज्य व्यय सीमा को अस्थायी रूप से बढ़ाता है।*** California के संविधान में विभिन्न नियम हैं जो राज्य के बजट को प्रभावित करते हैं। एक नियम यह सीमित करता है कि राज्य टैक्स राजस्व को किसी भी उद्देश्य पर हर वर्ष कितना खर्च किया जा सकता है। मतदाता एक बार में चार वर्ष तक इस सीमा को बढ़ा सकते हैं। इन नियमों के अनुरूप, प्रस्ताव 35 अस्थायी रूप से चार वर्ष के लिए स्वास्थ्य प्लैन टैक्स के आकार के अनुसार इस सीमा को बढ़ाता है। अस्थायी वृद्धि समाप्त होने के बाद, राज्य की व्यय सीमा पर प्रस्ताव का दीर्घकालिक प्रभाव अनिश्चित है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह अज्ञात है कि प्रस्ताव 35 भविष्य में राज्य टैक्स राजस्व को कैसे प्रभावित करेगा।

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए *sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2024-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएँ।**

35

प्रस्ताव 35 के पूर्ण टेक्स्ट के लिए, पृष्ठ 109 देखें।